हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025



तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 अंकेक्षण के आधार पर स्कूलों में तैयार की जाएगी कार्य योजना



13 रनथॉन में बच्चों और बुजुर्गों के साथ मंत्री गजेंद्र



# एक्सन: जिले में दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खांसी का सिरप देने पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- बच्चों में खांसी की सिरप उपयोग के लिए एडवाइजरी जारी
- सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने सभी शासकीय एवं निजी अस्पतालों को दिए निर्देश



भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नई एडवाइजरी के तहत अब दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार की खांसी की सिरप या सर्दी-जुकाम की दवा देने पर रोक लगा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि यह कदम शिशुओं को दवाओं के संभावित दुष्प्रभावों से बचाने और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

एडवाइजरी जारी होते ही स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा ने तत्परता दिखाते हुए जिले के सभी सिविल सर्जनों एवं ब्लॉक मेडिकल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारत सरकार की गाइडलाइन का सख्ती से पालन किया जाए। सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने बताया कि जिले के सभी शासकीय एवं निजी पंजीकृत स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि बिना चिकित्सकीय परामर्श के अपने बच्चों को कोई भी दवा न दें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों में सामान्य सर्दी-खांसी के अधिकांश मामले अपने आप ठीक हो जाते हैं, ऐसे में अनावश्यक रूप से दवा देने की जरूरत नहीं होती। इस संबंध में आम नागरिकों को भी जागरूक किया जाएगा। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन (सीजीएमएससी) ने स्पष्ट किया है कि जिन कंपनियों पर अन्य राज्यों में कार्रवाई की गई है, उनकी किसी भी प्रकार की सरकारी आपूर्ति राज्य में नहीं की गई है। यह राज्य की स्वास्थ्य आपूर्ति प्रणाली की पारदर्शिता और सतर्कता को दर्शाता है। भारत सरकार के स्वास्थ्य सचिव द्वारा 5 अक्टूबर ▸▸| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### भेंडरवानी स्कूल के बच्चे बने सितम्बर के सिकन्दर



**बेमेतरा।** विकासखण्ड साजा के प्राथमिक शाला भेंडरवानी में सितम्बर के सिकन्दर कार्यक्रम के तहत बच्चों की नियमित उपस्थिति को प्रोत्साहित करने विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय में लगातार उपस्थित रहने वाले बच्चों को हाजिरी चैम्पियन के रूप में सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से झिलमिलाए और उन्होंने भविष्य में भी नियमित रूप से विद्यालय आने का संकल्प लिया। प्रधानपाठक अर्जुन वर्मा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, समयपालन और अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ाना है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा जो रोज़ विद्यालय आता है, वही जीवन में सच्चा सिकन्दर बनता है। शिक्षकगणों ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनकी मेहनत की सराहना की। विद्यालय परिवार की यह पहल बच्चों में प्रेरणा का संचार कर रही है और उपस्थिति प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है।

### बेमेतरा में आयोजित होगा जियो जिंदगी टेंशन फ्री हैप्पीनेस कार्यक्रम



बेमेतरा। ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा द्वारा 28 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मंडी प्रांगण में शाम 7 से 8.30 बजे तक 9 दिवसीय निःशुल्क "जियो जिंदगी टेंशन फ्री हैप्पीनेस प्रोग्राम" आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। इस प्रोग्राम के माध्यम से समस्त बेमेतरा जिले के नागरिकों को तनावमुक्त जीवन की अनुभूति होगी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोग अपनी सभी चिंताओं को गुड बाय कहेंगे और आध्यात्मिक सहारे से तनाव, डिप्रेशन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर एवं हृदय रोग जैसी परेशानियों से मुक्ति पा सकेंगे। इस हैप्पीनेस प्रोग्राम की मुख्य वक्ता प्रख्यात तनावमुक्ति विशेषज्ञा एवं ब्रह्माकुमारीज की कम्पनी सेक्रेटरी पूनम बहन (सीएस), इंदौर, मध्यप्रदेश बेमेतरा में उपस्थित होंगी। बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी बी.के. शशि दीदी ने बताया कि कार्यक्रम के प्रत्येक दिवस का विषय अलग रहेगा। पहले दिवस में चिंता रहित जीवन शैली, दूसरे में खुशियों का उत्सव, तीसरे में आत्मज्ञान, चौथे में आनंद उत्सव, पांचवें में परिवर्तन उत्सव, छठवें में ध्यान उत्सव, सातवें में अलौकिक जन्म उत्सव, आठवें में महा विजय उत्सव और नौवें दिन परमात्मा के महावाक्य मुरली के साथ "गुड ▸▸| शेष पेज 13 पर

## आरोप : राहुल टिकरिहा बोले- विरोधियों ने युवती को बनाया मोहरा

# आनंदगांव की युवती का मामला पलटा- सतनामी समाज ने किया खंडन, कहा- समाज को गुमराह किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आनंदगांव की एक युवती द्वारा सोशल मीडिया और प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा पर लगाए गए गंभीर आरोपों ने प्रदेश की राजनीति में हलचल मचा दी थी। लेकिन अब इस पूरे मामले ने ड्रामा जैसा मोड़ ले लिया है, क्योंकि जिस समाज के नाम पर युवती ने न्याय की गुहार लगाई थी, उसी सतनामी समाज ने अब उसके आरोपों से किनारा कर लिया है।

### डीईओ की जांच में युवती ने खुद मानी गलती, लिखा माफीनामा

समाज की जांच में यह खुलासा हुआ कि वर्ष 2022 में यह मामला पहले ही जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में पहुंच चुका था, जहां युवती ने राहुल टिकरिहा के खिलाफ शिकायत की थी। डीईओ ने 5 सदस्यीय जांच समिति गठित की और जब युवती अपने माता-पिता के साथ समिति के समक्ष उपस्थित हुई, तो उसने लिखित रूप से माफीनामा दिया कि उसने भावनाओं में आकर झूठी शिकायत कर दी थी। माफीनामा में युवती और उसके माता-पिता के हस्ताक्षर भी दर्ज हैं। जिस व्यक्ति ने समाज को गुमराह किया, उसका अब समाज समर्थन नहीं करेगा भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने कहा 2022 से लगातार मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश रची जा रही है। जब मेरा नाम बेमेतरा विधानसभा प्रत्याशी के रूप में आगे बढ़ा, तब मेरे विरोधियों ने युवती को मोहरा बनाकर झूठे आरोप लगवाए। उन्होंने कहा कि 2023 में जांच के दौरान युवती की सच्चाई सामने आ गई थी। अब चार साल बाद वही आरोप दोहराना सिर्फ राजनीतिक नाटक है। सच्चाई के दस्तावेज सबके सामने हैं, जनता अब सच और साजिश दोनों को पहचानती है।



**समाज की चेतावनी- फिर आई माफीनामा की सच्चाई**

कुछ दिन पहले युवती ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करते हुए सतनामी समाज से न्याय की अपील की थी। उसने आरोप लगाया कि राहुल टिकरिहा ने कई सालों तक उसका शोषण और उत्पीड़न किया। इस वीडियो के बाद जिला सतनामी समाज ने भी सक्रियता दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक बेमेतरा को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो 8 अक्टूबर को उग्र आंदोलन किया जाएगा। लेकिन जब समाज ने मामले की तह तक जांच की, तो जो तथ्य सामने आए, उन्होंने सबको चौका दिया।

**पूरा घटनाक्रम : कब क्या हुआ**

| वर्ष | घटनाक्रम |
|---|---|
| 2022 | विरोधियों ने युवती से झूठी शिकायत कराई, मामला डीईओ कार्यालय पहुंचा। |
| 2022 | टिकरिहा ने आरोपों का खंडन कर एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। |
| 2023 | डीईओ की जांच टीम ने युवती को बुलाया, उसने लिखित माफीनामा दिया। |
| 2025 | युवती ने रायपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फिर से पुराने आरोप दोहराए। |
| 2025 | टिकरिहा ने रायपुर पुलिस में नई शिकायत दर्ज कराई। |

**सतनामी समाज ने किया खंडन, भाजपा में सियासी हलचल:** मामले के दोबारा सुर्खियों में आने के बाद सतनामी समाज ने युवती से दूरी बनाते हुए कहा कि यह अब समाज का नहीं, व्यक्तिगत मामला है। वहीं भाजपा खेमे में यह मामला विरोधियों की साजिश के रूप में देखा जा रहा है। जिला पुलिस अब मामले में जांच रिपोर्ट और माफीनामा की प्रमाणिकता की जांच कर रही है।

# नगर में अवैध कारोबार का बोलबाला कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| परपोड़ी

नगर में अवैध गतिविधियां, विशेष रूप से सट्टा और नशे का कारोबार, पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के बावजूद जारी है, जिससे अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है।

सूत्रों के अनुसार, सट्टे का अवैध कारोबार अब भी नगर के होटलों और पान ठेलों पर फल-फूल रहा है। इस चिंताजनक स्थिति के बीच, सबसे बड़ी खबर यह है कि कुछ कानून व्यवस्था संभालने वाले लोग ही कथित तौर पर इन अवैध कारोबारियों को संरक्षण दे रहे हैं। नशे की लत ने परपोड़ी में एक गंभीर सामाजिक संकट खड़ा कर दिया है। युवा पीढ़ी नशीली दवाओं, शराब और गांजा खरीदने में अपनी घरों की जमा पूंजी तक खर्च कर रही है। नशे में धुत युवा चोरी और हिंसा जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे कानून व्यवस्था और बिगड़ती जा रही है। इस लत के कारण कई परिवार तबाह हो रहे हैं। क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर जब बीते दिनों पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से जानकारी ली गई थी, तो उन्होंने ठोस कार्यवाही का भरोसा दिलाया था। जानकारी के अनुसार बड़ी कार्रवाई के नाम पर केवल एक-दो दिखावे की कार्रवाई हुई है, जिससे अपराधियों पर कोई लगाम नहीं लग पाई है। एक महीने बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से आम लोगों का पुलिस पर भरोसा कम हुआ है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी फैला अवैध व्यापार

अवैध कारोबार अब परपोड़ी नगर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के गांवों में भी तेजी से फैल रहा है। सूत्रों ने बताया कि आस-पास के गांवों में शराब और गांजा का अवैध व्यापार फल-फूल रहा है। उदाहरण के लिए, ग्राम गाड़ाडीह में अवैध शराब बेचने वाले 4-5 कोचिया सक्रिय हैं। इसी प्रकार अन्य गांवों में भी अवैध शराब और गांजे की बिक्री बेरोकटोक जारी है।

**कार्रवाई होगी**

पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई है, आगे भी कार्रवाई होगी।
- **डी.एल. सोना,** थाना प्रभारी,

# कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनीं लोगों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने गिनाई समस्याएं

जिला कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जन चौपाल में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी मांगें और समस्याएं सुनीं। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर के समक्ष अपनी-अपनी समस्याओं का आवेदन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि, राजस्व, मानदेय भुगतान, सहायता राशि एवं फसल क्षति जैसे प्रकरण प्रमुख रहे। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में ग्राम काचरी निवासी नारायण साहू एवं तोरन लाल साहू ने वर्षा की कमी से हुई फसल क्षति का मुआवजा दिलाने की मांग की। ग्राम बैजलपुर निवासी प्रदीप कुमार साहू ने अप्रैल एवं मई 2025 माह का मानदेय भुगतान कराने संबंधी आवेदन दिया। ग्राम भुरकी निवासी अनिल ने तहसीलदार कार्यदिश के विरुद्ध आपत्ति दर्ज कर वास्तविकता के आधार पर नाम दर्ज करने की मांग की। इसी प्रकार ग्राम काचरी निवासी ▸▸| शेष पेज 13 पर

### सरकार दीपावली से पहले पेंशनरों को दे 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आरके वर्मा ने राज्य सरकार से मांग की है कि जनवरी से लंबित 2 प्रतिशत और जुलाई 2025 से बकाया 3 प्रतिशत महंगाई राहत कुल 5 प्रतिशत एरियर्स पेंशनरों को दीपावली से पहले जारी किया जाए।

वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2 अक्टूबर को कैबिनेट में 3 प्रतिशत डीए व डीआर बढ़ाने की घोषणा की है, जिसके बाद कई राज्य सरकारों ने आदेश जारी कर दिए हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार की चुप्पी से पेंशनरों में निराशा और असंतोष फैल गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने अपने कार्यरत कर्मचारियों को महंगाई भत्ता दे दिया है, लेकिन पेंशनरों को अब तक राहत नहीं दी गई, जो दोहरा मापदंड पेंशनरों के लिए पीड़ादायक है। वर्मा ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि दीपावली से पहले निर्णय लेकर भुगतान का आदेश जारी करें। संगठन के अन्य सदस्य एजी खान, टीआर यादव, कोमल चंद्राकर, गेंद राम चंद्राकर, शोभनाथ रजक, बंटेश्वर सिंह ▸▸| शेष पेज 13 पर




# भाजपा मंडल ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प और सीएम आगमन तैयारियों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



भाजपा बेरला मंडल ने स्थानीय रेस्ट हाउस में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक में बेमेतरा विधानसभा के विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र राजपूत ने की, जबकि संचालन होलुराम साहू ने किया।

बैठक में आत्मनिर्भर भारत अभियान, जीएसटी व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाने तथा 9 अक्टूबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बेमेतरा आगमन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' का आह्वान करते हुए लोगों से स्वदेशी उत्पादों का उपयोग बढ़ाने और स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती से शुरू होकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती 25 दिसंबर तक चलेगा। अक्टूबर में जिला स्तर पर जनजागरूकता अभियान, जबकि नवंबर–दिसंबर में मंडल स्तर पर व्यापारी सम्मेलन, उद्योग सम्मेलन, प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, किसान मार्च और मशाल यात्रा आयोजित की जाएंगी।

बैठक प्रभारी ओमप्रकाश जोशी ने बताया कि अभियान के दौरान 'आत्मनिर्भर भारत रथ यात्रा' भी निकाली जाएगी। साथ ही स्कूल-कॉलेजों में निबंध, कविता एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा और दीपावली के अवसर पर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी और बिक्री को बढ़ावा दिया जाएगा। पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने कहा कि यह अभियान राष्ट्र की आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में जन-जन के सहयोग का आह्वान है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि घर की रसोई से स्वदेशी का संकल्प प्रारंभ करें और विदेशी उत्पादों के स्थान पर भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दें। बैठक में जिला पंचायत, नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, बूथ अध्यक्ष, मंडल और जिला के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गार्डन में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पाटन।** पाटन नगर पंचायत के राजीव गार्डन में रविवार को एक युवक ने स्ट्रीट लाइट में फांसी फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह मार्निंग वॉक करने वालों ने युवक को लटके देखकर गार्डन के चौकीदार को सूचना दी उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार पवन ढीमर (उम्र लगभग 20 वर्ष) ने राजीव गार्डन स्थित पोल में रस्सी डालकर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 11 पुलिस अधिकारियों का किया तबादला, दो टीआई लाइन अटैच

**दुर्ग।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने 6 टीआई, दो एसआई और तीन एएसआई सहित 11 पुलिस अधिकारियों का तबादला अलग अलग अलग थानों में किया है। एसएसपी ने जहां दो टीआई को लाइन अटैच किया है तो वहीं तीन को रक्षित केंद्र से लाकर नए थाने की जिम्मेदारी दी है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने यह आदेश 4 अक्टूबर को जारी किया, जो कि 5 अक्टूबर की देर रात ऑफिसियल पुलिस वाट्सअप ग्रुप में डाला गया। जारी आदेश के मुताबिक पुलिस लाइन में अटैच थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा को भिलाई नगर और रामेंद्र कुमार सिंह को जामुल और बसंत कुमार बघेल को अमलेश्वर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा भिलाई नगर थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा को भिलाई नगर से हटाकर वैशाली नगर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा और पुलगांव थाना प्रभारी प्रकाशकांत को लाइन अटैच किया गया है। इसके साथ ही वैशाली नगर थाने के प्रभारी एसआई अमित अंदानी को पुलगांव जैसे बड़े थाने की जिम्मेदारी दी गई है। पुलगांव में पदस्थ एसआई खेलन साहू को अंजोरा चौकी प्रभारी बनाया गया है। वहीं एएसआई राजकुमार देशमुख को पुलगांव थाने से नगपुरा चौकी भेजा गया है। एएसआई संतोष साहू को अंजोरा चौकी से साइबर सेल दुर्ग और एएसआई मनोज यादव को चौकी प्रभारी नगपुरा से हटाकर भिलाई तीन थाने भेजा गया है।

### गाली गलौज करने पर बेटे ने की पिता की हत्या आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने अपने पिता की हत्या करने वाले आरोपी बेटे गजेंद्र साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। दोनों के बीच गाली गलौज को लेकर झगड़ा हुआ। बेटे ने पिता को बुरी तरह पीटा। गंभीर रूप से घायल हो जाने पर पिता होरीलाल साहू को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने गजेंद्र को गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत में भेजा है। हत्या का मामला कुम्हारी थाना अंतर्गत ग्राम अकोला का है। बीते 4 अक्टूबर की रात 8.30 बजे अकोला निवासी होरीलाल साहू रोज की तरह शराब के नशे में घर पहुंचा और गाली गलौज कर झगड़ा करने लगा। इस पर उसके बेटे गजेन्द्र साहू ने अपने पिता को शराब पीकर गाली गलौज कर झगड़ा करने से मना किया। इससे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर गुस्से में आकर गजेंद्र ने अपने पिता को हाथ मुक्का से मार दिया। इससे होरीलाल जमीन पर गिरा और सिर जमीन पर टकराने से फट गया और माथे में चोट आई। उसे घायल हालत में तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मर्ग जांच के दौरान मृतक होरीलाल साहू की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में सिर में आयी चोटों के कारण मौत होना पाया गया।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

**जांच**

**मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत साजा विकासखण्ड में हुआ सामाजिक अंकेक्षण**

# अंकेक्षण के आधार पर स्कूलों में तैयार की जाएगी कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत साजा विकासखण्ड में विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सामुदायिक सहभागिता को मजबूत बनाना है।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) के नेतृत्व में गठित अंकेक्षण दल ने साजा ब्लॉक के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय साजा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटवानी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा सहित कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। अंकेक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षण-पद्धति, संसाधनों के उपयोग एवं रखरखाव की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी सीखने की क्षमता, शिक्षण सामग्री की उपलब्धता एवं विद्यालयीन वातावरण का मूल्यांकन भी किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण अधिगम सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर अंकेक्षण दल ने शिक्षकों को शिक्षण गुणवत्ता में सुधार हेतु नवाचार अपनाने, नियमित मूल्यांकन करने तथा विद्यार्थियों को सक्रिय अधिगम के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

साथ ही विद्यालय प्रबंधन समितियों की नियमित बैठकें आयोजित करने पर बल दिया गया, ताकि समुदाय की भागीदारी से शिक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी बन सके। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, पालक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंकेक्षण के परिणामों के आधार पर आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे साजा विकासखण्ड में शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

## आश्रम के आसपास से मांस-मछली की दुकानें हटाने एसडीएम को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

सद्गुरु कबीर आश्रम साजा के आसपास मांस, मछली, अंडे की दुकान को अन्यत्र स्थान व्यवस्थित करने के संबंध में समिति के प्रमुखों ने एसडीएम, थाना प्रभारी, सीएमओ व अध्यक्ष नगर पंचायत को श्री सद्गुरु कबीर सत्संग समिति ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष डॉ. वेदराम साहू उपाध्यक्ष, पुनीत साहब महंत, द्वारिका साहब, खेलावन लाल दास, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष मीना राम साहू, सदस्य राम गोपाल डोमर, राम राघे, रुपाराम, परसुराम, सचिव पवन साहू सहित कबीर धर्म के अनुयायी उपस्थित थे।

## जिला अस्पताल में मोबाइल ऐप आभा से पंजीयन

### ओपीडी पर्ची के लिए अब लाइन की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा




अब जिला अस्पताल बेमेतरा में मरीजों को ओपीडी पर्ची के लिए लंबी लाइन में खड़े होने की जरूरत नहीं है। मरीज या उनके परिजन घर बैठे ही मोबाइल ऐप 'आभा' के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं या ऐप के क्यूआर कोड का इस्तेमाल कर सकते हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा तैयार इस मोबाइल ऐप से मरीज का आभा कार्ड बनाया जाएगा, जिसमें मरीज की हेल्थ हिस्ट्री, डायग्नोस्टिक और दवा संबंधी पूरी जानकारी डिजिटल रूप में स्टोर होगी। इससे किसी भी डॉक्टर द्वारा मरीज की पूरी स्वास्थ्य जानकारी जानने में आसानी होगी।

स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों के सुधारीकरण और आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत इस ऐप के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसी भी व्यक्ति को आभा कार्ड बनवाने की सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए जिला अस्पताल में चस्पा क्यूआर कोड या ऐप का इस्तेमाल किया जा सकता है।

#### आसान है ऐप का इस्तेमाल

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू और अस्पताल प्रबंधक डॉ. स्वाति यदु ने बताया कि कोई भी स्मार्टफोन धारक इस ऐप का इस्तेमाल कर सकता है। रजिस्ट्रेशन के लिए मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर दर्ज करना होगा, इसके बाद ओटीपी सत्यापन के जरिए नाम, लिंग, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर और ईमेल का विवरण देना होगा।

#### आभा कार्ड के फायदे

आभा कार्ड या आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आपके सभी मेडिकल रिकॉर्ड्स डिजिटल रूप में सुरक्षित रखता है। इससे हेल्थ संबंधी जानकारी एक ही जगह सुरक्षित रहती है और अस्पताल या डॉक्टर के लिए आसानी से उपलब्ध होती है।

#### आभा कार्ड न होने के नुकसान

जिन लोगों के पास आभा कार्ड नहीं है, उनकी हेल्थ जानकारी अलग-अलग जगह बिखरी होती है। जरूरत पड़ने पर मेडिकल रिकॉर्ड उपलब्ध न होने की वजह से इलाज में समस्या हो सकती है। आभा कार्ड से यह समस्या खत्म हो जाती है और इलाज में सुविधा होती है।

## स्वास्थ्य के लिए योग और प्राणायाम जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ग्राम बारगांव, विकासखंड बेरला में योग और प्राणायाम की कक्षाएं लगातार आठ वर्षों से निरंतर संचालित हो रही है। यह अनुकरणीय पहल योग ग्रुप बारगांव द्वारा 6 अक्टूबर 2017 को योग प्रशिक्षक कैलाश यदु ने प्रारंभ की थी। तब से लेकर आज तक प्रतिदिन सुबह योग और प्राणायाम की कक्षाओं में ग्रामवासी और स्कूली बच्चे सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

योग ग्रुप ने समाज हित में कई सकारात्मक कदम उठाए हैं। इसमें बच्चों को विकासखंड स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं और खेल प्रतियोगिताओं में सफलता मिलने पर प्रोत्साहित करना शामिल है। साथ ही, शिक्षक सम्मान समारोह में समूह की अहम भूमिका रही है।

समूह द्वारा पौधारोपण, रक्तदान शिविर और विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए विकासखंड स्तरीय आयोजन भी पिछले तीन वर्षों से नियमित रूप से किए जा रहे हैं।

योग ग्रुप के सक्रिय सदस्यों में टेकराम साहू, यशवंत सोनी, मुकेश कुमार साहू, गणेश राम शिवारे, डॉ. केके वर्मा, डोमन पाटिल, शंकर साहू और राजेश कुमार यादव शामिल हैं। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में योग और शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणादायक मिसाल बन रही है।




## शहर में शरद पूर्णिमा पर हुई कवि गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शरद पूर्णिमा पर नवीन प्राथमिक विद्यालय भवन, वार्ड 11 में संध्या प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति, जिला इकाई बेमेतरा द्वारा कविगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रांतीय महासचिव हास्य-व्यंग्य कवि रामानंद त्रिपाठी और अन्य कवियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। कवियत्री एवं गायिका नीता वर्मा और नीधि वर्मा ने स्वरचित सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर माहौल को और प्रभावशाली बनाया। कवि मनोज पाटिल मणि ने शरद पूर्णिमा पर आधारित गीत प्रस्तुत किया, जबकि भिखमपुर नवागढ़ से आए युवा कवि राजीव मधुकर ने ग्रामीण जीवन का वर्णन करते हुए कविता और गीत प्रस्तुत किए। उभरते युवा कवि रिषभ त्रिपाठी ने श्रींगार रस की कविताएं पढ़ीं और बलदाऊ साहू विलक्षण ने समसामयिक रचनाओं से दर्शकों का मन मोह लिया।

रामानंद त्रिपाठी ने हास्य-व्यंग्य कविताओं के जरिए सभी को खूब हंसाया। गीतकार डॉ. गोकुल बंजारे चंदन ने छोटे परिवार के महत्व पर गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को चार चांद लगाए। साहित्य प्रेमी दुर्गाशंकर चतुर्वेदी ने शरद पूर्णिमा की मध्यरात्रि को चंद्रमा द्वारा अमृत बरसाने वाली रात्रि बताया। कार्यक्रम का संचालन कवि-गीतकार गोकुल बंजारे चंदन ने किया।

## बरसते पानी में उमड़ी गंगा महाआरती में श्रद्धा की लहर

हरिभूमि न्यूज:नवागढ़



शरद पूर्णिमा पर मां गंगा स्वरूपा बाघुल की जीवनदायिनी हाफ नदी पर आयोजित भव्य महाआरती ने पूरे गांव में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं ने अपने परिवार सहित भीगते हुए पूरी भक्ति के साथ इस महाआरती में भाग लिए।

आयोजन की शुरुआत बजरंगबली मंदिर चौक से पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन के साथ हुई। इस दौरान सरपंच कृष्णी साहू और ग्राम पंचायत के सभी पंचों ने ग्रामीणों के साथ ग्राम भ्रमण करते हुए बैगा बावा, महामाई, राम-जानकी और देवाधिदेव महादेव की पूजा-अर्चना में सम्मिलित होकर आस्था का संदेश फैलाया। राम-जानकी और शिव मंदिर तट पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने भव्य महाआरती में भाग लिया। पंडित द्वारा मंत्रोचार के साथ मां गंगा को फूल अर्पित कर आह्वान किया गया। तत्पश्चात धूप से देवाधिदेव महादेव की आरती हुई और अंत में मां गंगा की भव्य महाआरती ने सभी को भावविभोर कर दिया। बारिश में भी भीगते हुए श्रद्धालुओं का यह दृश्य अत्यंत मनोरम और अविस्मरणीय रहा। महाआरती के बाद जयकारों की गूंज के बीच सभी ने नारियल, फूल और दीपदान कर मां गंगा के प्रति अपनी भक्ति प्रकट की। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और प्रसाद वितरण किया।

## फिर से तीन हेरोइन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे, अब तक 24 को भेजा जा चुका जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग पुलिस ने एक बार फिर नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हिरोइन यानि चिट्टा की अवैध तस्करी करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनो आरोपी भिलाई के रहने वाले हैं। चिट्टा बेचने के मामले में पुलिस अब तक 24 लोगों को जेल भेज चुकी है। इस बार की कार्रवाई मोहन नगर थाना और एसीसीयू की टीम ने की है। उन्हें सूचना मिली थी कि भिलाई के जामुल थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरुद गांव निवासी आशीष सिंह उर्फ मुज्जी, हाउसिंग बोर्ड निवासी अजय सोनी और देवार मोहल्ला छावनी निवासी लोकेश अवस्थी उर्फ लल्ली चिट्टा की तस्करी करते हैं। वो लोग बकायदा पूरी प्लानिंग के साथ पंजाब से भिलाई तक एक चैनल बनाकर काम करते हैं। वहां से चिट्टा भिलाई पहुंचने पर उसे अलग-अलग लोगों को बेचते हैं। पुलिस ने सोमवार 6 अक्टूबर को तीनों लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी इतने शातिर हैं कि वो चिट्टा खरीदने बेचने की बात किसी से भी नॉर्मल मोबाइल फोन कॉल पर नहीं करते थे। उसके लिए वो वाट्सअप कॉलिंग का उपयोग करते थे। बात हो जाने के बाद पहले चिट्टा के वजन के मुताबिक ऑनलाइन या दूसरे माध्यम से पैसा मंगाते थे, उसके बाद अपने लड़के भेजकर पैसा देने वाले तक हेरोइन की सप्लाई करवाते थे। जिस आशीष सिंह उर्फ मुज्जी को पुलिस ने चिट्टा तस्करी में गिरफ्तार किया है वो जामुल में नकटा तालाब के पास बने मंदिर में अपने दोस्तों के साथ बैठता था। ये लोग देर रात तक वहां बैठे रहते और वहां गांजा, शराब व अन्य मादक पदार्थों को सेवन करते हैं। जामुल पुलिस या 112 में शिकायत करने पर टीम तो आती थी, लेकिन सिर्फ उन्हें वहां से दौड़ाकर लौट जाती थी। पुलिस की गाड़ी के जाते ही फिर से ये लड़के वहां नशा करने बैठ जाते हैं। अभी भी वहां इसी तरह नशा करने वाले लड़कों का रातभर जमावड़ा लगा रहता है।

■ पंजाब से भिलाई तक तस्करी करने चैनल बनाकर करते थे काम

## नेत्र जांच शिविर में 60 लोग हुए लाभान्वित ...



**बेमेतरा।** नगर के वार्ड 16 में पार्षद नीतू कोठारी द्वारा नि:शुल्क आंखों की जांच शिविर आयोजित की गई। इस अवसर पर नेत्र सहायक डॉ. चाकेन्द्र वर्मा एवं सहयोगी डॉ. पूजा सिन्हा ने लोगों की जांच की। शिविर में कुल 60 लोग लाभान्वित हुए। जांच के दौरान 10 लोगों में मोतियाबिंद पाया गया, जबकि 35 लोगों को नि:शुल्क चश्मे उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को नि:शुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं। इस अवसर पर विनोद शर्मा, लता पांडे, पूर्णिमा मानिकपुरी, तारामति साहू, विनोद सोनी, अजय सोनी सहित अन्य वार्डवासी लाभान्वित हुए। शिविर में गजाधर साहू, सूरज साहू, डॉ. डामिन वर्मा, भानु साहू, मितानिन चमेली साहू, लेखनी पाण्डेय, फुलेश्वरी साहू का विशेष सहयोग रहा।

## चिरपोटी में दो बाइक की भिड़ंत, एक की मौत

**भिलाई।** अंडा थाना अंतर्गत ग्राम चिरपोटी में दो मोटर साइकिल की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने ताया कि घटना 1 अक्टूबर की रात करीब साढ़े 9 बजे की है। मृतक नीलमणि पिता लछन ठाकुर उम्र 25 साल निवासी सिर्री थाना रनचिरई बाइक सीजी 07 एएन 0815 से सिर्री से रिसामा जा रहा था। तभी घटना स्थल पर बाइक सीजी 24 डब्लू 4683 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी। गंभीर रूप से घायल नीलमणि को इलाज के लिए शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**हेल्थ फ्राइडे अभियान से मिला पोषण और स्वास्थ्य का नया जीवन**

## हमर स्वस्थ लईका अभियान में 'खुशी' को मिली कुपोषण से मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा






छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना हमर स्वस्थ लईका अभियान (हेल्थ फ्राइडे) ने बेमेतरा जिले के ग्राम भिलौरी की झीना साहू जैसी कई माताओं के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। आर्थिक रूप से कमजोर झीना साहू अपने बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहती थीं। सीमित आमदनी के कारण उनकी छोटी बेटी खुशी मध्यम कुपोषण की स्थिति में पहुंच गई थी।

इसी दौरान ग्राम की आंगनबाड़ी सहायिका ने झीना से संपर्क किया और उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र बुलाकर खुशी की पोषण स्थिति बताई। साथ ही हमर स्वस्थ लईका अभियान की जानकारी दी। शासन की इस जनकल्याणकारी पहल के तहत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शुक्रवार को कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। बच्चों को जिंक टेबलेट, ओआरएस पाउडर, विटामिन सिरप जैसी आवश्यक औषधियां निःशुल्क दी जाती हैं। साथ ही माताओं को बच्चों के संतुलित आहार और पोषण संबंधी जानकारी भी प्रदान की जाती है। अभियान के मार्गदर्शन में झीना साहू ने नियमित रूप से अपनी बच्ची को दवाएं दीं और पोषणयुक्त आहार देना शुरू किया। कुछ ही महीनों में खुशी का स्वास्थ्य सुधर गया और उसका वजन बढ़कर 14.3 किलोग्राम हो गया, जो उसकी उम्र के अनुसार सामान्य है। अपनी बच्ची के स्वस्थ होने पर झीना साहू ने भावुक होकर कहा— हमर स्वस्थ लईका अभियान ने मेरी बच्ची के जीवन को नया संबल दिया है। आज खुशी पूरी तरह स्वस्थ है। मैं शासन और महिला एवं बाल विकास विभाग की पूरी टीम की आभारी हूं, जिन्होंने यह सहायता प्रदान की।

इस अभियान ने न केवल खुशी जैसी बच्चियों को कुपोषण से मुक्त किया है, बल्कि ग्रामीण परिवारों में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई है। बेमेतरा जिले में हमर स्वस्थ लईका अभियान एक सशक्त पहल बनकर उभर रहा है, जो स्वस्थ, सशक्त और कुपोषण मुक्त समाज की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411